## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **कल से शुरु हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के हंगामेदार होने के आसार, भाजपा ने बुलायी विधायक दल की बैठक, सत्तापक्ष उठायेगा एसआईआर का मुद्दा।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल कोडरमा से बिहार के वैशाली तक के लिए मेमू पैसेंजर ट्रेन का करेंगे शुभारंभ, दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर चलाई जायेंगी 12 हजार विशेष रेलगाड़ियां।**
3. **ईडी के समन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, अधिवक्ता ने बहस के लिए मांगा समय।**
4. **राजधानी रांची में आज से स्वर्णिम भारत एक्सपो का आयोजन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे उदघाटन।**
5. **राज्य में मानसून फिर सक्रिय, एक जून से 20 अगस्त तक सामान्य से 26 प्रतिशत अधिक बारिश, 12 जिलों में सर्वाधिक 12 हजार मिलीमीटर वर्षा दर्ज।**

*****************

कल से शुरु हो रहे झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। विपक्ष राज्य की कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। रांची के विधायक सीपी सिंह ने बताया कि इस सिलसिले में कल दोपहर एक बजे भाजपा विधायक दल की बैठक बुलायी गयी है। दूसरी ओर सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के सभी सवालों के जवाब देने की तैयारी कर रखी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप यादव ने कहा है कि **एसआईआर** के मुद्दे को मुखर होकर सदन में उठाया जायेगा।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार के गया जंक्शन से दो महत्वपूर्ण ट्रेनों का उद्‌घाटन करेंगे। इनमें से पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन गया से नई दिल्ली के बीच चलेगी, जबकि दूसरी मेमू पैसेंजर ट्रेन कोडरमा से बिहार के वैशाली तक चलाई जाएगी, जो गया जंक्शन से होकर गुजरेगी। इन दोनों ट्रेनों के शुरू होने से गया सहित पूरे मगध क्षेत्र और झारखंड के कोडरमा व आसपास के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

*****************

इधर, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर 12 हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। बिहार के एनडीए नेताओं के साथ चर्चा के बाद उन्होंने यह घोषणा की। श्री वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय ने न केवल नई रेलगाड़ियां चलाने, बल्कि कई अन्य योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी काम किया है।

*****************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी कभ शिकायत वाद पर रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा लिये गए संज्ञान को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए आठ सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की। गौरतलब है कि रांची की सीजेएम कोर्ट ने पिछले वर्ष ईडी के कप्लेन केस पर सुनवाई के दौरान संज्ञान लिया था और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप झेल रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ समन जारी किया था, जिसे निरस्त करने के लिए श्री सोरेन ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

*****************

इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने आज नामांकन दाखिल किया। रेड्डी ने चार सेट में नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत 20 नेता उनके प्रस्तावक बने। नामांकन के समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत गठबंधन के कई नेता मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति पद का चुनाव 9 सितंबर को होगा। एनडीए ने झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया है।

*****************

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने **सूर्या हांसदा एनकाउंटर** मामले में हेमंत सरकार पर सवाल उठाया है। चाईबासा में पार्टी की एक बैठक में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री महतो ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

*****************

राजधानी रांची स्थित सरला बिड़ला विश्वविद्यालय में आज से तीन दिवसीय स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 आयोजित किया जा रहा है। इस एक्सपो का उद्देश्य है– भारत की वैज्ञानिक तरक्की, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक धरोहर और सरकारी पहलों को आम जनता के सामने लाना है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे।

*****************

बोकारो जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से कई कदम उठाये जा रहे हैं।

*****************

मिले–जुले वैश्विक संकेतों के बीच, घरेलू शेयर बाजार सुबह के कारोबार में मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। आखिरी रिपोर्ट आने तक, सेंसेक्स 275 अंक बढ़कर 82 हजार 133 पर और निफ्टी 74 अंक बढ़कर 25 हजार 125 पर पहुंच गया था।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 19 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

राज्य में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार 26 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि जून से लेकर अगस्त तक के महज तीन महीने में राज्य के 24 में से 12 जिलों में 12 हजार 260 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

*****************

रांची में हीरो एशिया कप 2025 की ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया गया। मोरहाबादी के जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम से ट्रॉफी यात्रा की शुरुआत की गई। राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने ट्रॉफी का अनावरण किया और इसे यात्रा के लिए रवाना किया। गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से शुरु हो रही है।

*****समाप्त******